## जब अभिभावकों की अनुमति की आवश्यकता हो तो विद्यार्थियों की गुमनामियत कैसे बनाई रखी जा सकती है।

जब एक निश्चित आयु वर्ग के छात्रों के लिए अभिभावकों की अनुमति की आवश्यकता होती है, तो कुछ विद्यालयों द्वारा एक व्यापक अनुमति फार्म में ये लिखा जा सकता है कि हमारा विद्यालय अपने छात्रों के लिए कई कार्यक्रम रखता है। यदि आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा किसी विशेष कार्यक्रम में भाग ले तो कृपया नीचे दिए गए स्थान में 'No' शब्द लिखें, हस्ताक्षर करें और फार्म को वापिस करें। अलॉटीन का विवरण स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध है। ये तरीका कुछ स्कूलों द्वारा कई वर्षों से सफलतापूर्वक प्रयोग में लाया जा रहा है। कार्यक्रमों की सूची बना कर छात्रों की गुमनामियत बनाए रखी जाती है।

## आगे की जानकारी

विद्यालय अलॉटीन साहित्य का उपयोग अन्य प्रकार को मीटिंग्स में भी कर सकते हैं। ऐसी मीटिंग जिसमें ॲल-अनॉन का कोई सदस्य स्पॉन्सर नहीं है, उस मीटिंग को अलॉटीन मीटिंग के रूप में स्वीकार करना या उसका पंजीकरण नहीं किया जा सकता।

ॲल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप प्रधान कार्यालय, Inc. विश्व सेवा कार्यालय (WSO), अलॉटीन ग्रुप को शुरू करने और बनाए रखने के बारे में जानकारी प्रदान करता है। स्थानीय ॲल-अनॉन ग्रुप्स भी जानकारी देने का, तथा ॲल-अनॉन के स्पॉन्सर देने का भी एक स्रोत है। प्रकाशन, WSO, स्थानीय ॲल-अनॉन ग्रुप्स, ॲल-अनॉन साहित्य वितरण केन्द्रों, और सूचना सेवाओं में उपलब्ध है। साहित्य की पुस्तक सूची और स्थानीय सेवाओं की सूची भी WSO के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

ॲल-अनॉन और अलॉटीन संबंधित जानकारी, विद्यालयों को इस प्रकार प्रस्तुत की जा सकती है।

- शिक्षकों की कार्यशालाएँ (Faculty workshop)
- स्कूल सभाएं और स्वास्थ्य मेले
- विद्यालयों के समाचार पत्रों में लेख

आपके राज्य या प्रांत का coordinator आपको स्थानीय स्रोतों की जानकारी प्रदान करके आपकी सहायता कर सकता है।



## सुझाावित पुस्तकें

Alateen : शराबियों के बच्चों के लिए आशा (B-3)
Alateen : (Hope for Children of Alcoholic (B-3)
Alateen a day at a time (B-10)
Courage to Be Me - Living wih Alcoholism (B-23)
Living Today in Alateen (B-26)
Twelve steps & Twelve Traditions for Alateen (P-18)
Youth & the Alocoholic Parent (P-21)
Facts about Alateen (P-41)
Moving On! From Alateen to Al-Anon (P-59)

## मार्ग दर्शन के लिए किसे संपर्क करें

ॲल-अनॉन क्षेत्र का प्रतिनिधि, एक स्थानीय प्रतिनिधि का नाम देगा, जो आपको अलॉटीन मीटिंग्स को स्थापित करने और साधन प्रदान करने में काम करेगा। क्षेत्र के प्रतिनिधि का नाम प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित पता व नम्बर देखें।

**G.S.O. (General Service Office) Al-Anon**
409, Sector-A, Pocket-C, Vasant Kunj,
New Delhi-110070, India
Website : www.al-anonalateenindia.org
E-mail: gso.alanon.admn@gmail.com

15-9 S-64 Printed in India

# जानकारी शिक्षकों के लिए

## अलॉटीन मीटिंग्स स्कूलों में




*मीटिंग्स के लिए स्थान व समय निर्धारित करने के लिए विद्यार्थियों की गुमनामियत रखना बहुत आवश्यक है।*

**ॲल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप**

शराबियों के परिवारों और मित्रों के लिए मदद और आशा

***यदि आप अपने स्कूल में अलॉटीन मीटिंग शुरू करने पर विचार कर रहे हैं तो ये जानकारी आपकी सहायता कर सकती है। वे प्रश्न जो अध्यापक और स्कूल प्रशासक अक्सर पूछते हैं उन प्रश्नों के उत्तर इनमें शामिल हैं। ये उत्तर उन स्कूल के कर्मचारियों, ॲल-अनॉन और अलॉटीन के सदस्यों और जिन विद्यार्थियों ने मीटिंग्स की हैं उनके अनुभवों पर आधारित हैं।***

## विद्यार्थी को स्कूल की अलॉटीन मीटिंग से कैसे लाभ होगा?

एक परिवार के सदस्य या मित्र में, शराबीपन की बीमारी बच्चों और किशोरों को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करती है, जो उनके व्यवहार और अंततः उनके स्कूल के काम पर असर डालती है। अक्सर विद्यार्थी और अध्यापक भी ये समझ नहीं पाते कि उनका शराबी के साथ संबंध भी एक कारण हो सकता है।

अलॉटीन/ॲल-अनॉन पारिवारिक ग्रुप का एक अभिन्न अंग है, ये उन किशोरों की फैलोशिप है जिनका जीवन परिवार के किसी सदस्य या मित्र में शराबीपन की समस्या से प्रभावित हुआ है। अलॉटीन किशोरों को कुछ समझाने में मदद करता है कि शराबीपन किस प्रकार से उन सभी व्यक्तियों के जीवन को जो एक समस्यात्मक पीने वाले से जुड़े हुए हैं, प्रभावित करता है।

अलॉटीन सदस्य अपनी सामान्य समस्याओं पर चर्चा करने, अनुभव शेयर करने और एक दूसरे को प्रोत्साहित करने के लिए मिलते हैं वे एक दूसरे को उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में, ॲल-अनॉन और अलॉटीन के सिद्धांतों को लागू करने के प्रभावशाली तरीके सीखने में मदद करते हैं?

***अलॉटीन युवाओं को ये समझने में मदद करता है, कि शराबीपन उन सभी लोगों के लिए जो शराब पीने वाले से जुड़े हैं, को किस प्रकार प्रभावित करता है।***

अलॉटीन की मीटिंग्स यू.एस और कनाडा के विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधिक सफल रही हैं। कुछ बच्चों और किशारों को अपनी आयु, समय स्थान और घरेलू परिस्थितियों के कारण बाहर मीटिंग में जाने का मौका नहीं मिल पाता। इसके अलावा सार्वजनिक या निजी परिवहन खास तौर से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध भी नहीं हो पाते।



## क्या अलॉटीन एक धार्मिक कार्यक्रम है?

अलॉटीन कोई धार्मिक कार्यक्रम नहीं है। मीटिंग्स में धर्म, बाहरी समस्याओं और परामर्श देने पर चर्चा नहीं की जाती है। ''हम से ऊँची एक उच्च शक्ति है'', को मान्यता दी गई है। अलॉटीन के बारह कदमों और बारह परम्पराओं में उच्च शक्ति के लिए 'ईश्वर' शब्द सर्वमान्य रूप से सम्मिलित है और इसीलिए ॲल-अनॉन/अलॉटीन के लिए ये आवश्यक नहीं कि प्रारंभिक या समाप्ति प्रार्थना की जाए।

***अलॉटीन कोई धार्मिक कार्यक्रम नहीं है।***

## क्या ॲल-अनॉन, अलॉटीन मीटिंग से वयस्कों द्वारा निरीक्षण प्रदान करते हैं?

हाँ अलॉटीन, ॲल-अनॉन का हिस्सा है। ॲल-अनॉन के सदस्य, ॲल-अनॉन में किसी अन्य के शराब पीने से प्रभावित होने और अपनी रिकवरी के अनुभव, हिम्मत और आशा शेयर करके अलॉटीन ग्रुप्स को स्पॉन्सर करते हैं। अलॉटीन ग्रुप के रूप में पंजीकृत होने के लिए, प्रत्येक मीटिंग में कम से कम एक अलॉटीन ग्रुप स्पॉन्सर (दो सुझाए जाते हैं) होना चाहिए, जो अपने एरिया के अलॉटीन सदस्यों की आवश्यकताओं को पूरा करता है और उस समय में अपने एरिया की अलॉटीन प्रक्रिया के द्वारा, अलॉटीन के सेवा के लिए रजिस्टर किया जा चुका है।

स्कूल के कर्मचारी जो ॲल-अनॉन के सदस्य भी हैं, स्पॉन्सर के रूप में काम कर सकते हैं। अनुभव से पता चलता है कि स्कूल के कर्मचारियों द्वारा स्पॉन्सर की गई मीटिंग्स में अलॉटीन, सदस्य और स्पॉन्सर के बीच आवश्यक विश्वास स्थापित करने में अधिक कठिनाई का अनुभव करते हैं।



## यदि स्टाफ के सदस्यों का उपस्थिति होना आवश्यक हो, तब क्या होगा?

यदि स्कूल की नीति के कारण, स्टॉफ के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है तो अलॉटीन सदस्यों को ये बताया जाता है कि, कानून के अनुसार, स्टॉफ के सदस्यों को कुछ प्रकार की जानकारी उचित ॲथारिटी को देने की आवश्यकता होती है। अलॉटीन की पारस्परिक समर्थन वाली नीतियों को ध्यान में रखते हुए, स्टाफ के लिए छात्रों को सलाह देने के लिए, अलॉटीन मीटिंग एक मौका नहीं है। स्टॉफ के सदस्यों के लिए, अलॉटीन के सदस्यों की गुमनामियत और गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता है। अलॉटीन की सफलता के लिए खुला दिमाग और शांतिपूर्ण उपस्थिति, एक साधन है।

## अलॉटीन मीटिंग रखने के लिए सबसे उत्तम समय कौन सा है?

कई स्कूलों में मीटिंग्स क्रम से रखी जाती हैं, जिससे छात्रों की हर सप्ताह एक भी विषय की कक्षा नहीं छूटे। अलॉटीन मीटिंग में उपस्थिति को कक्षा की उपस्थिति के समान माना जाता है। कई स्कूलों में छात्रों को मीटिंग्स के निर्धारित समय पर जाने के लिए ''मार्गदर्शन कार्यालयों के नाम से Pass जारी किया जाता है। ये प्रक्रिया छात्रों की गुमनामियत को बनाए रखती है। एक बार मीटिंग में आने के बाद, छात्र जाने के समय, जब वह मीटिंग छोड़ते हैं, हस्ताक्षर करते हैं। स्पॉन्सर, मीटिंग समाप्त होने पर, आने और जाने वाले हस्ताक्षर का पर्चा मार्गदर्शन कार्यालय में वापिस दे देता है। अलॉटीन के सिद्धान्तों को ध्यान में रखते हुए छात्र अपनी उपस्थिति के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हैं, और कक्षा में अनुपस्थित होने पर उन्हें स्कूल द्वारा निर्धारित परिणामों का सामना करना होगा। छात्रों को ये सूचित कर दिया जाता है कि स्कूल अधिकारियों द्वारा पूर्व निर्धारित परीक्षाएं या कार्यक्रम अलॉटीन मीटिंग्स में जाने से अधिक प्राथमिक है।

***विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित परीक्षाएं और अधिकारियों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अलॉटीन की मीटिंग से ज्यादा***

कुछ स्कूलों के अनुभव से ये पता चलता है कि स्कूल शुरू होने से पहले, दोपहर के भोजन के समय या स्कूल के बाद रखी गई मीटिंग्स में उपस्थिति का दर कम रहता है। इसके अलावा यदि छात्र स्कूल के समय से पहले या स्कूल के समाप्त होने के बाद दिखाई देता है और दोपहर के भोजन के समय अपने सहपाठियों को दिखाई नहीं देता तो उसकी गुमनामियत से समझौता हो जाता है।